# NILAMBER-PITAMBER UNIVERSITY

## Medininagar, Palamu-822101

**NOTICE INVITING TENDER FOR SALE OF OLD USED EVALUATED ANSWER BOOKS**

Sealed Tender are invited in single bid from the experienced Firm/ Company/ Individuals having GST/TIN/CST number for sale of old evaluated answer books of different examinations,used old registration & examination forms and old unused question papers (University Exams 2014 to 2016). Sealed tender complete in all respect may be submitted through speed post/ by hand in the office of the Registrar, Nilamber-Pitamber University, Medininagar, Palamau, along with a demand draft of the earnest money of Rs. 2,00,000/- (Rupees Two Lacs only) in favour of "The Registrar, N.P. University, Medininagar" payable at Medininagar upto ..06/01/2021 at 3:30 P.M. After expiry of this date no tender will be accepted. Tender will be opened at 11:30 AM in the university office in presence of bidders or their authorized representatives. Detailed terms & conditions of the tender may be downloaded from the website www.npu.ac.in from .13/12/2020...... Cost of Tender paper is Rs. 5,000/- (Rupees Five Thousand) which may be aubmitted as D.D. along with the office tender.

Sd/-
Registrar
Nilamber-Pitamber University
Medininagar, Palamu

Memo No. - NPU/...R/777......./2020 Date - ....11/12/2020

Copy to –

1. The Finance Officer, N. P. University, Medininagar for information & needful.
2. P.A. to VC/PVC/R for information to VC/PVC/ Registrar.
3. The Editors-
   Hindustan, Prabhat Khabar, Dainik Bhaskar, Dainik Jagran, for publication in Jharkhand Edition within the limit of Rs. 10,000/- (Rupees ten thousand only)

11.12.2020
Registrar
Nilamber-Pitamber University
Medininagar, Palamu

09/12/2020

# NILAMBER-PITAMBER UNIVERSITY

## Medininagar, Palamu-822101

**निविदा प्रपत्र**

प्रयुक्त उत्तर–पुस्तिकाओं की रद्दी के विक्रय हेतु निविदा।

| | |
|---|---|
| निविदा डाउनलोड करने की तिथि – <br> निविदा जमा करने की तिथि – <br> निविदा खुलने की तिथि – | |
| धरोहर राशि 2,00,000/– (दो लाख रूपये मात्र) बैंक ड्राफ्ट जो कुलसचिव, नी0पी0 विश्वविद्यालय, मेदिनीनगर के पक्ष में देय हो। | |

1. निविदा प्रस्तुत करने वाली फर्म का नाम व डाक का पूरा पता– ..................................................
   ..................................................
2. दूरभाष नं0 (अ) – प्रतिष्ठान ..................................................
   (ब) – निवास ..................................................
   (स) – ई–मेल ..................................................
3. आर0 एस0 टी0/(रजिस्ट्रेशन की प्रति संलग्न करें) ..................................................
   सी0 एस0 टी0/दिन नम्बर ..................................................
4. जी0 एस0 टी0 नम्बर तथा अद्यतन जी0 एस0 टी0 भरे जाने की रसीद –
5. प्रोपराइटर/अधिकृत का नाम जिससे सम्पर्क किया जा सके ..................................................
   ..................................................
6. पैन नम्बर (छायाप्रति संलग्न करें) ..................................................
7. आयकर की अद्यतन रसीद–
8. क्या निविदादाता फर्म का कागज/कागज का लुगदी बनाने का स्वयं का कारखाना है, यदि हाँ, तो उसकी क्षमता एवं वार्षिक टर्न ऑवर का विवरण अंकित करें ..................................................
   ..................................................

| **आईटम का विवरण** | **दर प्रति क्विंटल** |
|---|---|
| विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित विभिन्न परीक्षा की व्यवहृत उत्तर–पुस्तिका एवं अन्य विविध पुराने कागजातों। | |
| विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित विभिन्न परीक्षाओं का उपयोग किया हुआ पुरानी पंजीयन प्रपत्र, परीक्षा फार्म, प्रश्नपत्र इत्यादि। | |

निविदादाता के हस्ताक्षर एवं मुहर



11.12.2020

# NILAMBER-PITAMBER UNIVERSITY

## Medininagar, Palamu-822101

**प्रयुक्त उत्तर–पुस्तिकाओं, उपयोग में लाए गये पुरानी पंजीयन प्रपत्र, परीक्षा फार्म, प्रश्नपत्र इत्यादि की रद्दी के विक्रय हेतु निविदा एवं शर्तें:–**

विश्वविद्यालय द्वारा ली गयी विभिन्न परीक्षा की व्यवहृत उत्तर–पुस्तिका / कागजातों की श्रेडिंग / कटिंग के उपरान्त विक्रय हेतु निबंधित प्रतिष्ठान, जिन्हें इसका अनुभव है, से मुहरबन्द निविदा आमंत्रित की जाती है–

1. दरें प्रति क्विंटल अंको तथा शब्दों में लिखी जानी चाहिए। इस कार्यालय से क्रय किये गये टेन्डर फार्म के अलावा किसी अन्य पत्रों में अंकित दरें स्वीकार नहीं की जायेगी।
2. दरें मुहर बंद लिफाफे में धरोहर राशि रू0 2,00,000 / – के साथ दिनांक – ......................... को .............. ... बजे तक कुलसचिव, नीलाम्बर–पीताम्बर विश्वविद्यालय, मेदिनीनगर के पक्ष में देय बैंक ड्राफ्ट जमा करायी जा सकती है। चेक या नगद स्वीकार नहीं किये जायेंगे। पूर्व जमा धरोहर राशि यदि कोई हो तो इस निविदा के लिए मान्य नहीं होगी। धरोहर राशि के अभाव में निविदा पर विचार नहीं किया जायेगा।
3. विश्वविद्यालय को यह अधिकार होगा कि वह किसी भी टेन्डर को बिना कोई कारण बताये आंशिक अथवा पूर्ण रूप से निरस्त कर सकता है, अथवा उपयोग में ली गई उत्तर पुस्तिकाओं को बिना कोई कारण बताये पूर्ण अथवा किश्तों में बेचना स्थगित कर सकता है।
4. विश्वविद्यालय द्वारा दर स्वीकृत किये जाने पर सम्पूर्ण माल कार्य आदेश की तारीख के 15 दिनों के अन्दर उठाना होगा। इस अवधि में अवकाश के दिन भी शामिल होंगे। निर्धारित अवधि में माल न उठाने पर गोदाम (स्थान) किराया निम्नानुसार वसूली योग्य होगा–

| क्र0 सं0 | विलम्ब | गोदाम किराया |
|---|---|---|
| 1 | प्रथम सात दिन के विलम्ब पर | रू0 250 / – प्रतिदिन |
| 2 | सात दिन से अधिक परन्तु 20 दिन तक के विलम्ब पर | रू0 500 / – प्रतिदिन |
| 3 | 20 दिन से अधिक विलम्ब पर | रू0 750 / – प्रतिदिन |

5. जिस निविदादाता की दरें स्वीकार होगी उसको अनुमोदित कुल मूल्य की चौथाई राशि कुलसचिव, नीलाम्बर–पीताम्बर विश्वविद्यालय, मेदिनीनगर, पलामू के नाम बैंक ड्राफ्ट के रूप में दरें स्वीकृत की सूचना जारी होने की तिथि से सात दिवस में जमा करानी होगी एवं निर्धारित प्रपत्र में 100 रू0 के नॉन ज्यूडिशियल पेपर पर करार निष्पादित करना होगा। सफल निविदादाताओं को प्रतिभूति राशि के अतिरिक्त सामग्री उठाते समय प्रत्येक लोट की कीमत विश्वविद्यालय में बैंक ड्राफ्ट के रूप में जमा करनी होगी। कीमत पूर्ण जमा होने पर ही अगला लोट का माल उठा सकेंगे। टेन्डर स्वीकृति के पश्चात सफल निविदादाता करारनामा निष्पादित करने में विफल रहता है तो इन शर्तों का भंग होना माना जायेगा। ऐसी स्थिति में धरोहर राशि जब्त कर ली जायेगी। तद्पोरान्त अन्य निविदादाता को कार्यादेश देने का अधिकार विश्वविद्यालय को होगा।
6. माल का वजन अनुमानतः है। वह कम या अधिक हो सकता है। माल उठाने एवं तुलवाने आदि का व्यय फर्म को ही वहन करना होगा।
7. निविदा स्वीकृति पर सफल निविदादाता द्वारा निर्धारित अवधि में माल न उठाने पर धरोहर राशि / प्रतिभूति राशि की जब्ती की कार्यवाही की जायेगी।



11.12.2020

8. निविदा में दी गई दरें निविदा खोलने की तिथि से 90 दिनों तक विधिमान्य होगी।
9. उपयोग में ली हुई उत्तर पुस्तिकाओं/ सामग्री का निरीक्षण इच्छुक निविदादाता किसी भी कार्य दिवस में परीक्षा नियंत्रक से अनुमति प्राप्त कर विश्वविद्यालय की गोपनीय शाखा में कर सकते है।
10. निविदादाता माल (उत्तर पुस्तिकाओं के बंडल, प्रिंटेड मैटर के बंडल तथा अन्य प्रिंटेड मैटर सामग्री) देखकर व माल के वजन का अंदाजा लगाकर टेन्डर दें। समस्त माल जिस स्थिति में जहाँ–जहाँ पर भी है, कार्यालय से पूरा उठाना होगा।
11. निबंधनों तथा शर्तों को भंग करने या संविदा असंतोषप्रद ढ़ंग से पूरा करने पर विश्वविद्यालय द्वारा पूर्णतः/अंशतः धरोहर राशि जब्त कर ली जायेगी। इस संबंध में विश्वविद्यालय का निर्णय ही अंतिम होगा।
12. सामग्री के लोडिंग/अनलोडिंग की जिम्मेदारी क्रेता फर्म की होगी।
13. कागज की लुगदी बनाने वाले कारखाना रखने वाली फर्म/ अधिकृत डीलर को प्राथमिकता दी जायेगी।
14. किसी भी प्रकार की विवादस्पद स्थिति में कुलपति महोदय का निर्णय अंतिम एवं मान्य होगा। किसी कानूनी कार्यवाही की स्थिति में क्षेत्राधिकार केवल झारखण्ड, मेदिनीनगर स्थित सक्षम न्यायालय होगा।
15. निविदादाता द्वारा निविदा में जोड़ी गई कोई भी अन्य शर्त मान्य नहीं होगी। सशर्त निविदा स्वीकार नहीं होगी।
16. निविदा के साथ पिछले तीन वर्षों का आयकर रिर्टन एवं बिक्री कर स्वच्छता प्रमाण पत्र संलग्न करना अनिवार्य होगा।
17. समस्त कर यथा जी0 एस0 टी0 बिक्री कर निविदादाता द्वारा चुकाए जायेंगे तथा विश्वविद्यालय पर किसी प्रकार के कर की देयता नहीं होगी।
18. निविदा उन फर्मों/व्यवसायियों की ही मान्य होगी जो उन वस्तुओं के लिए रजिस्टर्ड/अनुमोदित क्रेता हो, जिसके लिए निविदा दी जा रही है। फर्म के पास GST नम्बर का होना अनिवार्य है।
19. निविदादाता अपनी निविदा अथवा उसके सारभूत किसी भी भाग को न तो किसी अन्य एजेन्सी को सौंप सकेगा और न किसी को आगे निविदा पर दे सकेगा।
20. राजकीय निगम/कंपनी/उपक्रम/बोर्ड/राजकीय विभाग को धरोहर एवं प्रतिभूति राशि को जमा कराने से छुट प्राप्त है। S.S.L. Units को Preference of industries of Raj Rules 1995 में अंकितानुसार सीमा तक ही छुट देय होगी।
21. निविदादाता द्वारा जमा कराई गई धरोहर राशि असफल निविदादाता का दरें स्वीकृत होने के एक माह के भीतर लौटा दी जायेगी किन्तु सफल निविदादाता की धरोहर राशि प्रतिभूति के एक भाग के रूप में मान लिया जायेगा।
22. निविदादाता को निविदा एवं संविदा की शर्तों एवं उपबंधों की स्वीकृति के प्रतिस्वरूप निविदादाता प्रपत्र एवं निविदा शर्तों के प्रत्येक पृष्ठ के अंत में हस्ताक्षर करना अनिवार्य है।
23. परीक्षा की प्रयुक्त उत्तर पुस्तिकाएँ, पंजीयन प्रपत्र, परीक्षा फार्म, प्रश्नपत्र इत्यादि फार्म के द्वारा पल्प बनवाने हेतु सीधे मील को भेजवानी होगी। उत्तर पुस्तिकाओं का कागज गलाकर पल्प में परिणिति करना होगा तथा माल उठाने के 15 दिनों में इस आशय का प्रमाण–पत्र देना होगा कि समस्त सामग्री का पल्प मील में बनवा दिया गया है। यदि उत्तर पुस्तिकाएँ बाजार में विक्रय हेतु पाई गई तो संबंधित फर्म के विरूद्ध नियमानुसार अपराधिक/ कानूनी कार्यवाही की जायेगी।
24. फर्म की बिक्री पर शोधन प्रमाण–पत्र संबंधित सर्किल अधिकारी का निविदा के साथ प्रस्तुत करना होगा अन्यथा निविदा प्राप्त होने पर वह अस्वीकृत की जा सकती है।
25. सफल निविदादाता की प्रतिभूति राशि संविदा के पूर्ण होने के पश्चात शर्त संख्या 23 के अनुसार प्रमाण–पत्र प्राप्त होने पर एक माह में लौटा दी जायेगी। ऐसी प्रतिभूति राशि पर विश्वविद्यालय द्वारा कोई ब्याज देय नहीं होगा।
26. सील मुहरबंद लिफाफा पर व्यवहृत उत्तर पुस्तिका एवं पुराने कागजातों की विक्रय हेतु निविदा अवश्य ही अंकित करें।



11.12.2020

27. विक्रय की गयी उत्तर पुस्तिकाओं का परिवहन अनुमोदित क्रेता को पूर्ण सावधानी के साथ इस प्रकार करना होगा कि समस्त उत्तर पुस्तिकाएँ विश्वविद्यालय परिसर से उठाये जाने के बाद सीधे मील में ही पहुँचे। साथ ही उत्तर पुस्तिकाओं को मजबूत त्रिपाल आदि से चारों तरफ से इस ढ़ंग से मजबूती से कवर्ड करना होगा ताकि परिवहन के दौरान मार्ग में कहीं पर भी उत्तर पुस्तिका/उत्तर पुस्तिकाएँ गिरने नहीं पावें। यदि मार्ग में कहीं पर भी उत्तर पुस्तिका/उत्तर पुस्तिकाओं के गिरने की रिपोर्ट/जानकारी विश्वविद्यालय को आता/ होती है, तो निविदादाता के विरूद्ध कानूनी/अन्य आवश्यक कार्यवाही की जा सकेगी, जिसके लिए निविदादाता स्वयं ही उत्तरदायी होगा।

28. सफल निविदादाता को रद्दी का तौल विश्वविद्यालय द्वारा गठित तौल समिति के सदस्यों की उपस्थिति में विश्वविद्यालय के निर्देशानुसार धर्मकाँटे पर स्वयं के खर्चे पर करवाना होगा। प्रत्येक बार तौल के आधार पर कुल राशि उसी दिन विश्वविद्यालय में जमा करानी होगी। आवश्यकता हुई तो रद्दी का तौल दो काँटों पर भी करवाया जा सकता है ऐसी स्थिति में अधिक तौल/वजन वाले काँटे का वजन ही मान्य होगा।

29. किसी भी शर्त में पूर्ण अथवा आंशिक रूप से शिथिलता प्रदान करने का अधिकार कुलपति को निहित होगा।

उक्त शर्तों को मैंने भलीभाँति पढ़ लिया है और मैं उक्त शर्तों का पालन करने हेतु पूर्णतया सहमत हूँ।

निविदादाता का हस्ताक्षर एवं मुहर

पूरा पता – ..........................................................................

..........................................................................

..........................................................................

..........................................................................

..........................................................................

दूरभाष नं0 ..........................................................................

मोबाइल नं0 ..........................................................................



11.12.2020